## एसबीआई लाइफ – स्मार्ट मनी बैक गोल्ड क्यों?

आप हमेशा से ही जीवन में आनेवाली हर नई बात का अनुभव लेना चाहते हैं. आत्मविश्वास बनाए रखिए और अपने ह्रदय की इच्छाओं को पूरा करने के लिए प्रयास करते रहिए और साथ ही अपने परिवार का भविष्य भी सुरक्षित रखिए **एसबीआई लाइफ – स्मार्ट मनी बैक गोल्ड** के साथ जो आपको नियमित अंतरालों पर धन प्रदान करता है ताकि जीवन के महत्वपूर्ण पड़ावों को आप हासिल कर सकें. एसबीआई लाइफ – स्मार्ट मनी बैक गोल्ड एक इंडिविजुअल, नॉन–लिंक्ड, पार्टिसिपेटिंग, लाइफ इंश्योरेंस सेविंग्स प्रोडक्ट है जिसके साथ लाइफ कवर की अतिरिक्त खूबी और नकद प्रवाह जुड़ा है.

## मुख्य विशेषताएँ

- जीवन में आपके महत्वपूर्ण पड़ावों के अनुरूप विशेष रूप से रचे गए तीन मनी बैक विकल्प
- मूल आश्वासित राशि का 15% नियमित भुगतान
- अपनी पॉलिसी अवधि और भुगतान बारंबारता (हर 3, 4 या 5 वर्ष) को चुनने की स्वतंत्रता
- अपनी प्रीमियम भुगतान अवधि – एकल, सीमित प्रीमियम भुगतान या नियमित प्रीमियम भुगतान को चुनने की सुविधा
- अपने वित्तीय लक्ष्यों को हासिल करने के लिए नियमित नकद प्रवाह
- आश्वासित राशि का 110% कुल सर्वाइवल लाभ के रूप में
- उच्चतर आश्वासित राशि के लिए आकर्षक प्रीमियम डिस्काउंट

पॉलिसी अवधि के दौरान निर्धारित अवधियों के अंत में देय मूल आश्वासित राशि के निश्चित प्रतिफल के रूप में अभिव्यक्त सर्वाइवल लाभ की किस्तें (पॉलिसी अवधि के अंत में अंतिम सर्वाइवल लाभ छोड़कर), जैसा कि नीचे वर्णित है जो जीवन के महत्वपूर्ण पड़ावों पर आपके प्रमुख उद्देश्यों को पूरा करने में मदद करता है.

नीचे विभिन्न पॉलिसी अवधियाँ और साथ जुड़े मनीबैक भुगतानों के बारंबारता विकल्प दिए गए हैं :

| सर्वाइवल लाभ किस्तें / मनी बैक भुगतान (मूल आश्वासित राशि का %) | | | |
|---|---|---|---|
| प्लान विकल्प | विकल्प 1 | विकल्प 2 | विकल्प 3 |
| **पॉलिसी वर्ष / पॉलिसी अवधि का अंत** | **15** | **20** | **25** |
| 3 | 15% | - | - |
| 4 | - | 15% | - |
| 5 | - | - | 15% |
| 6 | 15% | - | - |
| 8 | - | 15% | - |
| 9 | 15% | - | - |
| 10 | - | - | 15% |
| 12 | 15% | 15% | - |
| 15 | 50% | - | 15% |
| 16 | - | 15% | - |
| 20 | - | 50% | 15% |
| 25 | - | - | 50% |
| **कुल (मूल आश्वासित राशि का %)** | **110%** | **110%** | **110%** |


सभी उपार्जित सिंपल रिवर्शनरी बोनस, यदि घोषित किए जाते हैं, परिपक्वता पर अंतिम मनी बैक भुगतान के साथ अदा किए जाएंगे, जो संपूर्ण अवधि के दौरान पॉलिसी के अंतर्गत उपार्जित बोनस की कुल राशि होगी. बोनस मूल आश्वासित राशि पर लागू होगा. टर्मिनल बोनस (यदि हो) अंतिम मनीबैक भुगतान के साथ अदा किया जाएगा.

| सामान्य उदाहरण – स्मार्ट मनी बैक गोल्ड – प्लान विकल्प 2 | |
|---|---|
| आयु – 35 वर्ष | प्लान का प्रकार – नियमित |
| पॉलिसी अवधि – 20 वर्ष | आश्वासित राशि : ₹10,00,000 |
| मनीबैक भुगतान हर चौथे वर्ष में | वार्षिक प्रीमियम : ₹64,040/– (लागू करों को छोड़कर) |

**परिपक्वता लाभ*** अंतिम सर्वाइवल लाभ किस्त + वेस्टेड सिंपल रिवर्शनरी बोनस, यदि घोषित हो + टर्मिनल बोनस, यदि हो, अंतिम मनीबैक भुगतान के साथ अदा किया जाएगा

**4% की दर पर ₹8,45,000/–**

**8% की दर पर ₹13,28,000/–**




**मृत्यु लाभ** इनमें से उच्चतर होगा :
ए : मृत्यु पर आश्वासित राशि + वेस्टेड सिंपल रिवर्शनरी बोनस, यदि घोषित हो + टर्मिनल बोनस, यदि हो या
बी : मृत्यु के दिनांक तक प्राप्त कुल प्रीमियमों का 105%

*__परिपक्वता लाभ__ संबंधी आँकड़े उदाहरण के उद्देश्यों से हैं और वे स्वस्थ जीवन के लिए हैं. कृपया ध्यान दें कि ऊपर वर्णित @4% और @8% प्रति वर्ष की मानी गई रिटर्न की दरें क्रमश: लागू प्रभारों पर विचार करने के बाद इन दरों पर केवल उदाहरणात्मक परिदृश्य हैं. बोनस उपार्जन अवधि के दौरान बोनस की दरें स्थिर मानी गई हैं जहाँ कंपनी के निवेश अनुभव के आधार पर वास्तविक बोनस भिन्न हो सकता है, ये गारंटीशुदा नहीं हैं और वे रिटर्न की उच्चतर या निम्नतर सीमाएँ नहीं हैं. रिटर्न अनेक कारकों पर निर्भर हैं जिसमें भावी निवेश कार्यनिष्पादन शामिल है. अधिक जानकारी के लिए कृपया अपने पॉलिसी विशिष्ट लाभ उदाहरण के लिए निवेदन करें.

Insurance Plans With Savings

SBI Life - Smart Money Back Gold

UIN:111N096V03

SBI Life
अपने लिए. अपनों के लिए.

## प्लान पर एक नज़र

| | | |
|---|---|---|
| प्रवेश पर आयु^^ | न्यूनतम आयु | 14 वर्ष |
| | **अधिकतम आयु के लिए :** नियमित प्रीमियम | 45 वर्ष |
| | **अधिकतम आयु के लिए :** सीमित प्रीमियम और एकल प्रीमियम | 55 वर्ष |
| परिपक्वता पर आयु^^ | **अधिकतम :** 70 वर्ष | |
| मूल आश्वासित राशि (₹) (₹1,000 के गुणकों में) | **न्यूनतम :** ₹2,00,000 | **अधिकतम :** कोई सीमा नहीं^ |
| प्रीमियम भुगतान विकल्प | एकल प्रीमियम/सीमित प्रीमियम/नियमित प्रीमियम | |

**प्रीमियम भुगतान अवधि और संबंधित पॉलिसी अवधि**

| विकल्प | पॉलिसी अवधि | प्रीमियम भुगतान अवधि विकल्प | | |
|---|---|---|---|---|
| | | एकल प्रीमियम | नियमित प्रीमियम | सीमित प्रीमियम |
| **विकल्प 1** | 15 वर्ष | पॉलिसी आरंभ होने पर एक बार भुगतान | 15 वर्ष | 8 वर्ष |
| **विकल्प 2** | 20 वर्ष | | 20 वर्ष | 10 वर्ष |
| **विकल्प 3** | 25 वर्ष | | 25 वर्ष | 12 वर्ष |

| | |
|---|---|
| प्रीमियम बारंबारता | एकल/वार्षिक/अर्ध-वार्षिक/त्रैमासिक/मासिक |
| प्रीमियम बारंबारता लोडिंग | अर्ध-वार्षिक : वार्षिक प्रीमियम का 51.00% |
| | त्रैमासिक : वार्षिक प्रीमियम का 26.00% |
| | मासिक : वार्षिक प्रीमियम का 8.50% |

| | प्रकार | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| नियमित प्रीमियम (आरपी) और सीमित प्रीमियम भुगतान अवधि (एलपीपीटी) के लिए प्रीमियम | वार्षिक | ₹9,500 | आश्वासित राशि पर आधारित |
| | अर्ध-वार्षिक | ₹5,000 | आश्वासित राशि पर आधारित |
| | त्रैमासिक | ₹2,500 | आश्वासित राशि पर आधारित |
| | मासिक | ₹800 | आश्वासित राशि पर आधारित |
| एकल प्रीमियम (एसपी) के लिए प्रीमियम | एकल प्रीमियम | ₹1,25,000 | आश्वासित राशि पर आधारित |

^अधिकतम आश्वासित राशि बोर्ड द्वारा मान्य अंडरराइटिंग पॉलिसी के अधीन होगी. अधिकतम प्रीमियम प्रदान की जा रही आश्वासित राशि पर आधारित होगा.

^^आयु के सभी संदर्भ पिछली वर्षगाँठ पर आयु से हैं.

## रियायतों की निषिद्धता

**समय समय पर यथासंशोधित बीमा अधिनियम 1938 की धारा 41 के अनुसार :**

1) कोई भी व्यक्ति भारत के किसी भी व्यक्ति को, जीवन या संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार के जोखिम के लिए बीमा करवाने या इसका नवीनीकरण करवाने या बीमा पॉलिसी जारी रखने के लिए, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से न तो कोई प्रलोभन दे सकता है, न ही देय कमीशन से सम्पूर्ण या आंशिक रूप में कोई छूट दे सकता है, न ही पॉलिसी में दर्शाए गए प्रीमियम पर किसी तरह की छूट दे सकता है, न ही बीमा पॉलिसी लेने वाला या इसका नवीनीकरण करवाने या इसे जारी रखने वाला कोई भी व्यक्ति किसी तरह की छूट स्वीकार कर सकता है, बशर्ते प्रकाशित विवरण पुस्तिका या बीमाकर्ता की तालिका के अनुसार इस तरह की छूट की अनुमति दी गई हो.
2) किसी भी व्यक्ति द्वारा इस धारा के प्रावधानों का अनुपालन करने में चूक करने पर वह जुर्माने का पात्र होगा जो दस लाख रुपए तक हो सकता है.

**Toll-free No.:** 1800 267 9090 | SMS **'LIBERATE'** to 56161 | **Email:** info@sbilife.co.in | **Web:** www.sbilife.co.in
(Between 9.00 am & 9.00 pm)

एसबीआई लाइफ – स्मार्ट मनी बैक गोल्ड एक इंडिविजुअल, नॉन-लिंक्ड, पार्टिसिपेटिंग, लाइफ इंश्योरेंस सेविंग्स उत्पाद है.

**फ़र्ज़ी फोन कॉल्स और जाली/धोखाधड़ी के ऑफ़र्स से सावधान :**
IRDAI इंश्योरेंस पॉलिसी बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम के निवेश जैसी किसी भी प्रकार की गतिविधियों में शामिल नहीं है. इस प्रकार के फोन कॉल्स प्राप्त करने वाले लोगों से अनुरोध है कि वे पुलिस में शिकायत दर्ज़ करें.

जोखिम कारकों, नियमों व शर्तों के बारे में अधिक विवरण के लिए कृपया बिक्री पूर्ण करने से पहले सेल्स ब्रोशर को ध्यान से पढ़ें. ऊपर प्रदर्शित ट्रेड लोगो भारतीय स्टेट बैंक का है और लाइसेंस के तहत एसबीआई लाइफ द्वारा प्रयुक्त किया गया है. एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, पंजीकृत और कॉर्पोरेट कार्यालय : नटराज, एम. वी. रोड और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे जंक्शन, अंधेरी (पूर्व), मुंबई – 400 069. **IRDAI पंजीकरण संख्या 111** |
CIN : L99999MH2000PLC129113.

NW/1N/ver1/12/21/SP/HIN